Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start intercity train from Sirsa Railway Station in Haryana.

सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा): धन्यवाद अध्यक्ष जी । मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह है कि सिरसा जिला शायद पूरे हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ है । हम देखते हैं कि फरीदाबाद, गुड़गांव में मेट्रो रेल चल रही है । जबकि हमारे यहाँ ठीक तरह से रेलवे भी नहीं पहुंची है । सिरसा स्टेशन लगभग डेढ सौ साल पुराना है, लेकिन अभी तक यह बहुत ही माली हालत में है । सिरसा से एलनाबाद तक ट्रेन चलाई जाए ।

मैं चाहती हूँ कि अगर रेलवे डिपार्टमेंट वहां पर एक इंटरसिटी ट्रेन शुरू कर दे तो वहां पर लोगों को उसका बहुत फायदा मिलने वाला है । इतना पुराना रेलवे स्टेशन होने के बाद भी अभी तक उसकी देखभाल नहीं हो रही है ।

आपके माध्यम से मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूँ कि वे थोड़ा-सा सिरसा जिले का ध्यान रख लें, जो अभी तक पूरे हिन्दुस्तान में सबसे पिछड़ा इलाका है, किसी ने अभी तक उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है ।

आप यह देखें कि वहाँ से पहली बार भारतीय जनता पार्टी की मैं सांसद हूँ । इसलिए मेरी बहुत बड़ी जिम्मेवारी बन जाती है कि वहां पर एक छोटी रेल की व्यवस्था हो जाए । अगर यह आ गई तो समझ लीजिए कि पाँच सालों के बाद वहां पर कमल का फूल खिलने की पूरी-पूरी उम्मीद है ।

माननीय अध्यक्ष: श्री रवि किशन एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती सुनीता दुग्गल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।